RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 152 | नागौर, 02 मई, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम बढ़े

### कमर्शियल गैस सिलेंडर 102.50 रुपए महंगा हुआ

जयपुर।

मई का महीना शुरू होते ही महगाई की आग एक बार फिर आप आदमी को परेशान करने लगी है। तेल-गैस कंपनियों ने रविवार को कमर्शियल गैस सिलेंडर की रेट 102.50 रुपए बढ़ा दी। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन ऑफ राजस्थान के महासचिव कार्तिकेय गौड़ ने बताया कि बढ़ी हुई कीमतों के बाद से कमर्शियल गैस सिलेंडर 2271.5 रुपए की जगह 2374 रुपए में मिल रहा है। इससे पहले कंपनियों ने एक अप्रैल को कमर्शियल सिलेंडर के रेट 253 रुपए बढ़ाए थे। जबकि मार्च के बीच में 8 रुपए प्रति सिलेंडर की कमी कर दी थी। वहीं घरेलू उपभोक्ता को फिलहाल राहत है, कंपनियों ने घरेलू उपयोग के गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर की कीमत अभी भी बाजार में 953.50 रुपए है। हालांकि इससे पहले पिछले साल दिसंबर में रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में दो बार 50-50 रुपए की तेजी आई थी। 124 रुपए वसूली जा रही जीएसटी रसोई गैस पर 5 फीसदी जीएसटी वसूला जाता है। जिसमें 2.5 फीसदी केन्द्र के खाते में और 2.5 फीसदी राज्य के खाते में जाते है। यानि 19.20 रुपए केन्द्र और राज्य के खाते में प्रति सिलेंडर जाते है।



कमर्शियल गैस पर 18 फीसदी जीएसटी वसूला जाता है। जिसमें 9 फीसदी केन्द्र के खाते में और 9 फीसदी राज्य के खाते में जाते है। यानि 124.70 रुपए केन्द्र और राज्य के खाते में प्रति सिलेंडर जाते है। बता दें कि सरकार एक साल में प्रत्येक गैस कनेक्शन के लिए 14.2 किलोग्राम के 12 सिलेंडरों पर सब्सिडी देती थी। बीते दिनों ग्राहक को हर सिलेंडर पर सब्सिडी समेत कीमत चुकानी होती है। बाद में सब्सिडी का पैसा खाते में वापस आ जाता है। हालांकि सरकार ने कोरोना काल में इसे बंद कर दिया है।

## पटियाला हिंसा का मास्टर माइंड बरजिंदर गिरफ्तार



चंडीगढ़।

पटियाला में खालिस्तान विरोधी मार्च के बाद हुई हिंसा में पुलिस ने धरपकड़ तेज कर दी है। पंजाब पुलिस की स्पेशल 20 टीमें पूरे राज्य में छापे मार रही है पिछले 24 घंटे में पुलिस ने हिंसा के मास्टरमाइंड बरजिंदर परवाना समेत 6 और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।। पटियाला में आईजी मुखविंदर सिंह छीना ने बताया कि इनमें 3 सिख कट्टरपंथी, शिवसेना नेता हरीश सिंगला का साथी शंकर भारद्वाज भी शामिल है। सोशल मीडिया पर हेट स्पीच देने के मामले में गग्गी पंडित को भी पुलिस ने केस दर्ज कर अरेस्ट कर लिया है। इस मामले में हरीश सिंगला और दो सिख कट्टरपंथी समेत 3 लोग पहले ही पकड़े जा चुके हैं। गिरफ्तार लोगों की संख्या अब 9 हो चुकी है। आईजी छीना ने बताया कि एसएसपह दीपक पारिख की अगुवाई में पटियाला पुलिस की 20 स्पेशल टीमें बनाई हैं, जो पूरे पंजाब में रेड कर रही हैं। परवाना को मोहाली से पकड़ा गया। इसके बाद पटियाला ले जाकर उसे गिरफ्तार किया गया। अब कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड में लेकर उससे पूछताछ की जाएगी।

## मोदी ने किया कनाडा में सरदार पटेल की प्रतिमा का वर्चुअल अनावरण



नई दिल्ली।

कनाडा के मरखम में आज सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण किया गया है। प्रतिमा का अनावरण वर्चुअल तरीके से भारत से ही शिरकत कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। मरखम के सनातन मंदिर सांस्कृतिक केंद्र में लगी प्रतिमी का उद्घाटन करने के बाद पीएम मोदी ने कहा, सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा न केवल हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूती देगी, बल्कि दोनों देशों के संबंधों की प्रतीक भी बनेगी। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, एक भारतीय दुनिया में कहीं भी रहे, कितनी ही पीढ़ियों तक रहे, उसकी भारतीयता, उसकी भारत के प्रति निष्ठा लेश मात्र भी कम नहीं होती। वो भारतीय जिस देश में रहता है पूरी लगन और ईमानदारी से उस देश की भी सेवा करता है। मोदी ने कहा, भारत वसुधैव कुटुंबकम की बात करता है। भारत दूसरे के नुकसान की कीमत पर अपने उत्थान के सपने नहीं देखता। भारत अपने साथ सम्पूर्ण मानवता के, पूरी दुनिया के कल्याण की कामना करता है। आज जब हम आत्मनिर्भर भारत अभियान को आगे बढ़ाते हैं, तो विश्व के लिए प्रगति की नई संभावनाएं खोलने की बात करते हैं।

## बिजली कटौती के कारण गहरे औद्योगिक संकट में राजस्थान

### इंडस्ट्री को 8 घंटे, किसानों को 4 घंटे, 3 ब्लॉक में मिलेगी बिजली



जयपुर।

राजस्थान में बिजली संकट इतना गहरा गया है कि इंडस्ट्री और किसानों को दी जाने वाली बिजली की सप्लाई भी घटा दी है। इंडस्ट्री को बिजली सप्लाई घटाकर 8 घंटे सीमित करने का फैसला लिया है। इसकी शुरूआत 3 मई से की जा रही है। इसके तहत 8 घंटे बिजली देने का फैसला है। इस दिन सुबह 10 से शाम 6 बजे तक ही उद्योगों को बिजली दी जाएगी। 3 मई को आखा तीज का अबूझ सावा और हजारों शादियां भी हैं। यह दिन बिजली सप्लाई के लिहाज से बड़ा क्रिटिकल हो सकता है। फिलहाल 125 केवीए और ज़्यादा मांग वाली बड़ी इंडस्ट्रीज पर शाम 6 से 10 बजे तक 50 प्रतिशत तक लिमिट की मॉनिटरिंग भी सख्ती से की जा रही है। फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेंड एंड इंडस्ट्रीज के मौजूदा उपाध्यक्ष जगदीश सोमानी ने कहा पूरे देश में राजस्थान सोलर के लिए स्वर्ग है। वहीं, महंगी रेट पर भी पूरी बिजली नहीं मिलेगी तो इंडस्ट्रीज कहां जाएगी। राजस्थान गहरे औद्योगिक संकट में है। यह स्थिति नहीं सुधरी तो राजस्थान की देश में इंडस्ट्रियल ग्रोथ में सबसे ऊपर रहने की नीति पूरा नहीं हो पाएगी।

## राज ठाकरे की चेतावनी : लाउडस्पीकर पर अजान हुई तो हनुमान चालीसा भी होगी



औरंगाबाद।

महाराष्ट्र में जारी लाउडस्पीकर विवाद के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने औरंगाबाद के सांस्कृतिक मैदान में एक रैली की। शहर में लगी धारा 144 के बीच 16 शर्तों के साथ औरंगाबाद पुलिस ने इस सभा की मंजूरी दी। पुलिस ने 15 हजार लोगों की मौजूदगी की मंजूरी दी थी, रैली में 50 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे देरी से पहुंचे राज ठाकरे को देखने के लिए होटल से रैली स्थल तक हजारों की संख्या में लोग सड़कों के दोनों ओर खड़े थे। राज ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली शुरू की। लोगों को महाराष्ट्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इसके बाद कहा- लाउडस्पीकर पर अजान होगी तो हनुमान चालीसा भी होगी। अगर वे नहीं माने तो हनुमान चालीसा दोगुनी आवाज से चलाई जाएगी।

## दुर्गापुर में लैंडिग के वक्त स्पाइसजेट की फ्लाइट में परेशानी से 40 यात्री घायल

**नई दिल्ली।** मुंबई से पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर जा रहा स्पाइसजेट बोइंग बी737 विमान काल बैसाखी तूफान में फंस गया। इस वजह से इसे लैंडिंग करते वक्त परेशानी का सामना करना पड़ा। फ्लाइट के तूफान में फंसने से केबिन में रखा हुआ सामना गिरने लगा, जिससे 40 यात्री घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 10 यात्रियों की हालत गंभीर है। स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने इस हादसे पर अफसोस जाहिर करते हुए, घायलों की हर संभव मदद की बात कही है।

## नहीं दिखा शव्वाल का चांद 3 मई को ईद

लखनऊ।

लखनऊ के मरकाजी चांद कमेटी फरंगी महल के सदर काजी ने बयान जारी कर कहा है कि ईद का चांद आज नहीं दिखा है। ऐसे में इस साल ईद 3 मई को मनाई जाएगी। सोमवार को रमजान का आखिरी रोजा रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि 29वें रोजे के दिन शव्वाल का चांद नहीं दिखा, इसलिए सोमवार को ईद नहीं मनाई जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर : थम नहीं रही जंगल में लगी आग

श्रीनगर।

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में जंगल में लगी आग का कहर जारी है। आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, जंगल के पास रहने वाले लोगों में डर का माहौल है।

## बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा मातृभाषा में होनी चाहिए : वेंकैया नायडू



नयी दिल्ली।

उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने मातृ में शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए रविवार को कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा मातृ में होनी चाहिए।

नायडू ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शताब्दी समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली को हमारी संस्कृति पर भी ध्यान देना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा, यदि बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा उनकी मातृमें दी जाए तो वे उसे आसानी से समझ सकेंगे। लेकिन, यदि प्रारंभिक शिक्षा किसी अन्य में दी जाती है, तो पहले उन्हें वह सीखनी होगी और फिर वे समझेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बच्चों को पहले अपनी मातृसीखनी चाहिए और फिर दूसरी भाषाएं सीखनी चाहिए।

नायडू ने कहा, सभी को अपनी मातृमें प्रवीण होना चाहिए और उससे संबंधित मूल विचारों का बोध होना चाहिए। दिल्ली विश्व विद्यालय के कुलाधिपति उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू शताब्दी समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए जबकि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान विशिष्ट अतिथि थे।

## जीएसटी कलेक्शन का नया रिकॉर्ड

### अप्रैल में सरकार को 1.67 लाख करोड़ की कमाई, यह पिछले साल से 20 प्रतिशत ज्यादा

नई दिल्ली।

भारत ने ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में नया रिकॉर्ड बनाया है। अप्रैल 2022 में ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू 1,67,540 करोड़ रुपए रहा। इसमें सीजीएसटी 33,159 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 41,793 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 81,939 करोड़ रुपए और सेस 10,649 करोड़ रुपए है। इससे पहले मार्च में जीएसटी कलेक्शन 1,42,095 करोड़ रुपए रहा था। अप्रैल 2021 की बात करें तो तब 1,39,708 करोड़ का जीएसटी कलेक्शन हुआ था। यानी सालाना आधार पर जीएसटी कलेक्शन में 20% बढ़ोतरी हुई है।

**पहली बार 1.5 लाख करोड़ से ज्यादा का जीएसटी कलेक्शन :** ऐसा पहली बार हुआ है जब जीएसटी कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकला है। इससे पहले मार्च में जीएसटी कलेक्शन 1,42,095 करोड़ रुपए रहा था, जो इससे पहले किसी भी महीने का सबसे ज्यादा में जीएसटी कलेक्शन था। अक्टूबर में जीएसटी कलेक्शन के लिहाज से टॉप-5 राज्यों में महाराष्ट्र सबसे ऊपर है। अप्रैल 2022 में महाराष्ट्र में जीएसटी कलेक्शन पिछले साल की तुलना में 35% बढ़कर 27 हजार 495 करोड़ रुपए रहा ,जो पिछले साल 22 हजार 13 करोड़ रुपए रहा था।




लिस्ट में कर्नाटक और गुजरात दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। अगर महंगाई और जीएसटी कलेक्शन के बीच कनेक्शन की बात करें तो जिस महीने में थोक महंगाई बढ़ी है उस महीने जीएसटी कलेक्शन भी बढ़ा है। मार्च 2022 में जीएसटी कलेक्शन ने नया रिकॉर्ड बनाया था। तब थोक महंगाई भी 14.55% रही थी। ऐसा इसीलिए होता है क्योंकि जब किसी चीज की कीमत बढ़ती है तो उस पर लगने वाला टैक्स भी बढ़ जाता है। मान लीजिए सीमेंट की एक बोरी की कीमत मार्च में 300 रुपए प्रति बोरी है तो इस पर 28% जीएसटी के हिसाब से 84 रुपए टैक्स लगेगा। किसी भी तरह से आप कोई भी लेन-देन करेंगे आपको जीएसटी का पेमेंट करना होगा। इसी तरह से अगर आप बिजनेस करते हैं तो आप सामने वाले ग्राहक को बिल में जीएसटी जोड़ कर देते हैं और इसके साथ ही ग्राहक आपको पैसे देता है।

## भीषण गर्मी के बीच गिरे ओले

### 4 शहरों में बारिश, 30-50 किमी की रफ्तार से आंधी का अलर्ट

जयपुर।

राजस्थान में एक बार फिर रविवार देर शाम मौसम पलटा और कई जगह बारिश के साथ ओले गिरे। बारिश-ओले गिरने से तापमान में गिरावट आई। लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने बारिश-ओलावृष्टि का यह दौर 3 मई तक जारी रहने के साथ 19 जिलों में आंधी का अलर्ट जारी किया है।

राज्य में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इससे जयपुर, अलवर, भरतपुर, बूंदी और दौसा जिलों में बारिश हुई है। अलवर में बारिश के साथ काफी देर तक ओले भी गिरे। बारिश-ओलावृष्टि से लू व हीटवेव से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे बाद 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट आएगी। मौसम विभाग ने 12 जिलों-जयपुर, दौसा, अलवर, करौली, टोंक, चित्तौड़गढ़,अजमेर ,भरतपुर, नागौर ,सीकर, झुंझुनूं, बूंदी के आसपास हल्की बारिश, बिजली चमकने की चेतावनी जारी की है। साथ ही 30 से 50 किलोमीटर रफ्तार से धूलभरी हवा चल सकती है।



#### गंगानगर, जैसलमेर, बीकानेर, झुंझुनूं, धौलपुर,में 46 डिग्री पार तापमान

राजस्थान के प्रमुख शहरों में रविवार दोपहर को श्रीगंगानगर में अधिकतम तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस, धौलपुर में 46.3 डिग्री, जैसलमेर में 46.2 डिग्री,झुंझुनूं-पिलानी में 46 डिग्री, बीकानेर में 46 डिग्री रहा। वहीं, चूरू में 45.8 डिग्री, कोटा में 44.6 डिग्री, जोधपुर में 43.4 डिग्री, जयपुर में 43.4 डिग्री, उदयपुर में 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। अजमेर में 41.9 डिग्री, अलवर में 44.4 डिग्री, बाड़मेर में 45.1 डिग्री, सीकर में 43 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड हुआ है।

## गांवों के शहरीकरण के कारण उत्पन्न होने वाले मुद्दों के लिए नीति की जरूरत : शरद पवार

पुणे।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को गांवों के शहरीकरण के कारण उत्पन्न होने वाले मुद्दों से निपटने के लिए एक नीति की जरूरत पर जोर दिया। पवार महाराष्ट्र में पुणे जिला परिषद के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे और उन्होंने स्थानीय निकायों के सामने आने वाले विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। राज्य के 81 वर्षीय पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने कभी जिला परिषद का चुनाव नहीं लड़ा, लेकिन जन्म के पांच दिन बाद ही वह एक स्थानीय निकाय की बैठक में गए थे, क्योंकि उनकी मां स्थानीय निकाय की सदस्य थीं जो उन्हें अपने साथ वहां लेकर गई थीं। पवार ने कहा, गांवों के शहरीकरण के कारण



उत्पन्न होने वाले मुद्दों से निपटने के लिए एक नीति की जरूरत है। शहरीकरण से स्थानीय प्रशासनों पर दबाव बढ़ रहा है जो कोष से संबंधित मुद्दों का भी सामना कर रहे हैं। राज्य सरकार और केंद्र को इस पर ध्यान देना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि स्थानीय निकायों की जरूरतें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि पहले पानी की सीमित जरूरत थी, लेकिन अब स्थानीय निकाय हर घर में पानी पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

## यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज में राजस्थान बना अग्रणी : गहलोत

जयपुर।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि यूनिवर्सल हैल्थ कवरेज लागू करने वाला राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में प्रदेश के लगभग 1 करोड़ 34 लाख परिवार जुड़ चुके हैं तथा किडनी, हार्ट, लिवर, बोनमेरो ट्रांसप्लांट जैसे मंहगे इलाज भी इस योजना में निःशुल्क किये जा रहे हैं। सभी अस्पतालों में आईपीडी एवं ओपीडी मरीजों के लिए निःशुल्क उपचार व निःशुल्क एमआरआई, एक्स-रे तथा सीटी स्केन की सुविधा भी शुरू कर दी गई है। प्रदेशवासियों को इलाज के खर्च से चिंतामुक्त करने एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की दृष्टि से राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना एवं मुख्यमंत्री निशुल्क निरोगी राजस्थान जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं शुरू की है। गहलोत रविवार को जयपुर में सत्य साई हार्ट हॉस्पिटल, राजकोट एवं अहमदाबाद द्वारा आयोजित मेगा फ्री हार्ट कैम्प का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल के साथ किए गए एमओयू के तहत 314 हृदय रोग से पीड़ित बच्चों और अन्य लोगों की निशुल्क सर्जरी की गई है।



सरकार द्वारा बच्चों को गुजरात आने एवं जाने के लिए 5 हजार रूपए की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। हार्ट ऑपरेशन पर प्राइवेट अस्पताल में लाखों रूपए खर्च होते हैं। यह अस्पताल ऐसे महंगे ऑपरेशन निःशुल्क कर रहा है, यह बड़ी मानव सेवा है। इस दौरान वे अस्पताल से ठीक होकर आए बच्चों से मिले तथा बीमार बच्चों से मिलकर उन्हें निःशुल्क हार्ट सर्जरी का टोकन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निःशुल्क निरोगी राजस्थान योजना में 5 हजार से अधिक दवाइयां, सर्जिकलस एवं सूचर्स सूचीबद्ध करने की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही सभी अस्पतालों में बिना किसी खर्च के पूरा इलाज कैशलेस करने की व्यवस्था की गई है।

## सम्पादकीय

# सुरक्षा और चुनौतियां

हाल के वर्षों में बढ़ती वैश्विक चुनौतियों के बीच देश की सुरक्षा का मुद्दा एक महत्त्वपूर्ण और गंभीर चिंता के रूप में उभरा है। भारत के लिए यह ज्यादा चिंताजनक इसलिए भी है कि दशकों से दोनों पड़ोसी देश चीन और पाकिस्तान सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं। दोनों ही देशों के साथ भारत को युद्ध का सामना भी करना पड़ा है। यह भी कि पिछले तीन-चार दशकों से पाकिस्तान भारत के खिलाफ सीमापार से आतंकी गतिविधियां चला रहा है। दूसरी तरफ सीमा विवादों को लेकर चीन ने भारत के खिलाफ जिस तरह का आक्रामक रुख अपनाया हुआ है, उसे देखते हुए दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य हो पाना आसान नहीं है। गौरतलब है कि दो साल पहले गलवान घाटी में चीन ने भारतीय जवानों पर हमला कर दिया था, जिसमें चौबीस भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। इसके बाद चीन ने वहां घुसपैठ कर ली और नया विवाद खड़ा कर दिया। देखा जाए तो इस तरह के विवाद अक्सर ऐसी नौबत पैदा करते रहे हैं जब युद्ध जैसे तनावपूर्ण हालात बन जाते हैं। ऐसे में कई बार दुश्मन को सबक सिखाने के लिए सैन्य कार्रवाई भी अपरिहार्य हो जाती है। जाहिर है, इस तरह की सुरक्षा के लिए देश के पास चाक-चौबंद सैन्य तंत्र से लेकर अत्याधुनिक हथियार और कुशल रणनीति का होना भी जरूरी है।

हाल में भारत के वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी ने दिल्ली में एक सम्मेलन में त्वरित युद्धों के लिए तैयार रहने की जो जरूरत बताई है, वह देश की सुरक्षा चिंताओं को रेखांकित करती है। दरअसल भारत की भौगोलिक स्थिति भी कुछ ऐसी है कि बिना लंबे-चौड़े और अत्याधुनिक सैन्य तंत्र के देश की रक्षा कर पाना आसान नहीं है। भारत तीन तरफ समुद्रों से घिरा है और छह हजार किलोमीटर से ज्यादा लंबी तटीय सीमा है। इसके अलावा हिमालयी क्षेत्र में चार हजार किलोमीटर लंबी सीमा चीन के साथ है। चीन लद्दाख से लेकर पूर्वोत्तर राज्यों खासतौर से अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। पूर्वोत्तर का संकट इसलिए भी ज्यादा बड़ा है कि यहां के राज्यों की सीमाएं म्यांमा से मिलती है। यह इलाका नशीले पदार्थों से लेकर हथियारों तक की तस्करी के रूप में जाना जाता है। पूर्वोत्तर में उग्रवाद भी देश के लिए कम बड़ा संकट नहीं रहा है।

पिछले कुछ सालों में एक खतरा यह भी बढ़ा है कि पाकिस्तान नेपाल और म्यांमा के रास्ते भी आतंकियों को भारत में घुसाता रहा है। भारत के खिलाफ चीन और पाकिस्तान की ऐसी हरकतें युद्ध के खतरों को बढ़ाने वाली ही प्रतीत होती हैं। इसलिए आपात हालात में युद्ध जैसी तैयारियां वक्त की जरूरत बन कर सामने आ सकती हैं। हालांकि पूर्वी लद्दाख में और पाकिस्तान सीमा पर मिलने वाली चुनौतियों से भारत ने कई सबक लिए हैं। दोनों देशों से खतरे को देखते हुए भारत भी अपनी सुरक्षा मजबूत करने अब पीछे नहीं है। जहां तक बात है सेना को अत्याधुनिक हथियार और साजो-सामान मुहैया करवाने की, तो देश में ही हथियारों के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि कई उन्नत हथियारों, रक्षा प्रणालियों और उपकरणों के मामलों में अभी भी हम रूस और अमेरिका जैसे देशों पर निर्भर हैं। लेकिन अब रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी कदम बढ़ रहे हैं। पनडुब्बी और पोत अब भारत में ही बन रहे हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो गया, तो देश की सैन्य ताकत में भी इजाफा होगा और पड़ोसी राष्ट्र भी आसानी से आंख नहीं उठा पाएंगे।

# देश में महंगाई दर बढ़ने का असल कारण

**वर्ष 2014 में केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार के आने के बाद, देश की जनता को उच्च मुद्रा स्फीति की दर से निजात दिलाने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक ने दिनांक 20 फरवरी 2015 को एक मौद्रिक नीति ढांचा करार पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के अंतर्गत यह तय किया गया था कि देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रा स्फीति की दर को जनवरी 2016 तक 6 प्रतिशत के नीचे तथा इसके बाद 4 प्रतिशत के नीचे (+/- 2 प्रतिशत के उतार चड़ाव के साथ) रखा जाएगा। उक्त समझौते के पूर्व, देश में मुद्रा स्फीति की वार्षिक औसत दर लगभग 10 प्रतिशत बनी हुई थी। उक्त समझौते के लागू होने के बाद से देश में, मुद्रा स्फीति की वार्षिक औसत दर लगभग 5/6 प्रतिशत के आसपास आ गई है। जिसके लिए केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक की प्रशंसा की जानी चाहिए। अब तो मुद्रा स्फीति लक्ष्य की नीति को विश्व के 30 से अधिक देश लागू कर चुके हैं।**

**महंगाई** (मुद्रा स्फीति) का तेजी से बढ़ना, समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेष रूप से समाज के गरीब एवं निचले तबके तथा मध्यम वर्ग के लोगों को आर्थिक दृष्टि से अत्यधिक विपरीत रूप में प्रभावित करता है। क्योंकि, इस वर्ग की आय, जोकि एक निश्चित सीमा में ही रहती है, का एक बहुत बड़ा भाग उनके खान-पान पर ही खर्च हो जाता है और यदि महंगाई (मुद्रा स्फीति) की बढ़ती दर तेज बनी रहे तो इस वर्ग के खान-पान पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने लगता है। अतः, मुद्रा स्फीति की दर को काबू में रखना देश की सरकार का प्रमुख कर्तव्य है। इसीलिए भारत में केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक, मौद्रिक नीति के माध्यम से, इस संदर्भ में समय समय पर कई उपायों की घोषणा करते रहते हैं। हाल ही के समय में, विशेष रूप से कोरोना महामारी के बाद भारत सहित पूरे विश्व में मुद्रा स्फीति में भारी वृद्धि होती दिखाई दे रही है। अमेरिका एवं अन्य यूरोपीयन देशों में तो मुद्रा स्फीति की दर 8.5 प्रतिशत के आस पास तक पहुंच गई हैं जो इन देशों में पिछले 40 वर्षों के दौरान सबसे अधिक महंगाई की दर है। अमेरिका में तो पिछले लगातार एक वर्ष से अधिक समय से मुद्रा स्फीति की दर सह्यता स्तर अर्थात 2 प्रतिशत से अधिक बनी हुई है। लगभग यही स्थिति यूरोप के अन्य देशों की भी है। विश्व के 46 देशों में मुद्रा स्फीति की दर पर एक सर्वेक्षण किया है एवं इसमें पाया है कि 39 देशों में वर्ष 2021 की तीसरी तिमाही में मुद्रा स्फीति की दर, कोरोना महामारी के पूर्व, वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही में मुद्रा स्फीति की दर की तुलना में बहुत अधिक है।

भारत में भी हाल ही के समय में महंगाई की दर में उच्छाल देखने में आया है और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर 6 प्रतिशत के आसपास पहुंच गई है तो थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की दर 13 प्रतिशत के आसपास पहुंच गई है। वैश्विक स्तर पर मुद्रा स्फीति की दर के अचानक इतनी तेजी से बढ़ने के कारणों में कुछ विशेष कारण उत्तरदायी पाए गए हैं। मुद्रा स्फीति की दर में यह अचानक आई तेजी किसी सामान्य आर्थिक चक्र के बीच नहीं पाई गई है बल्कि यह असामान्य परिस्थितियों के बीच पाई गई है। अर्थात, कोरोना महामारी के बाद वैश्विक स्तर पर एक तो सप्लाई चैन में विभिन्न प्रकार के विघ्न पैदा हो गए हैं। दूसरे, कोरोना महामारी के चलते श्रमिकों की उपलब्धि में कमी हुई है। अमेरिका आदि देशों में तो श्रमिक उपलब्ध ही नहीं हो पा रहे हैं, इससे विनिर्माण के क्षेत्र की इकाईयों को पूरी क्षमता के साथ चलाने में समस्याएं आ रही हैं। तीसरे, विभिन्न देशों के बीच उत्पादों के आयात निर्यात में बहुत समस्याएं आ रहीं हैं। पानी के रास्ते जहाजों के माध्यम से भेजी जा रही वस्तुओं को एक देश से दूसरे देश में पहुंचने में (एक बंदरगाह से उत्पादों के पानी के जहाजों पर चढ़ाने से लेकर दूसरे बंदरगाह पर पाने के जहाजों से सामान उतारने के समय को शामिल करते हुए) पहले जहां केवल 10/12 दिन लगते थे अब इसके लिए 20/25 दिन तक का समय लगने लगा है। कई बार तो पानी का जहाज बंदरगाह के बाहर 7 से 10 दिनों तक खड़ा रहता है क्योंकि श्रमिकों की अनुपलब्धता के कारण सामान उतारने की दृष्टि से उस जहाज का नम्बर ही नहीं आता। चौथे, कोरोना महामारी का प्रभाव कम होते ही



विभिन्न उत्पादों की मांग अचानक तेजी से बढ़ी है जबकि इन उत्पादों को एक देश से दूसरे देश में पहुंचाने में ज्यादा समय लगने लगा है। अतः मांग एवं आपूर्ति में उत्पन्न हुई इस असमानता के कारण भी महंगाई की दर में वृद्धि हुई है। इन सभी कारणों के ऊपर, वैश्विक स्तर पर पेट्रोल (ईंधन) की कीमतें आसमान छूने लगी हैं जो 120 डॉलर प्रति बेरल के आसपास पहुंच गई हैं। अमेरिका में तो कैलेंडर वर्ष 2022 के प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 1.4 प्रतिशत की कमी आई है क्योंकि वहां के नागरिकों की आसमान छूती महंगाई के चलते क्रय शक्ति ही कम हो गई है। इसलिए कई उत्पादों की मांग ही कम हो गई है। परंतु भारत में केंद्र सरकार द्वारा समय समय पर लिए गए कई आर्थिक निर्णयों (जिनकी कि आज विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अमेरिका एवं यूरोपीयन देश तारीफ कर रहे हैं) के चलते यहां के नागरिकों पर बढ़ रही महंगाई का असर कम दिखाई दे रहा है। दरअसल कोरोना महामारी के काल में भारत ने 80 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह पांच किलो मुफ्त अनाज प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराया है, इस योजना को सितम्बर 2022 तक बढ़ा दिया गया है। इसी प्रकार की अन्य योजनाओं के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा दालें, मसाले एवं अन्य खाद्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती रही है। उक्त योजना के अतिरिक्त राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के अंतर्गत भी प्रति माह काफी सस्ती दरों पर (दो/तीन रुपए प्रति किलो) अनाज गरीब वर्ग को उपलब्ध कराया जाता है। चूंकि उक्त योजनाओं के अंतर्गत गरीब वर्ग को सीधे ही खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है ऐसे में महंगाई के बढ़ने का असर इस वर्ग के नागरिकों पर नहीं दिखाई नहीं दे रहा है। इसके विपरीत अमेरिका ने अपने नागरिकों के खातों में सहायता की एक निश्चित राशि जमा की थी। मान लीजिए यदि किसी नागरिक के खाते में 2000 अमेरिकी डॉलर जमा किए गए थे तो महंगाई की दर के 8.5 प्रतिशत पर आने से उसकी क्रय शक्ति तो केवल 1983 अमेरिकी डॉलर की हो गई जबकि भारत में गेहूं, चावल, दालें, मसाले आदि खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई गई तो यहां के नागरिकों को महंगाई दर के 6 प्रतिशत तक अधिक लाभ मिला क्योंकि इन पदार्थों पर महंगाई को केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों ने वहन किया अर्थात महंगाई की दर तक का अधिक लाभ भारत के नागरिकों को मिला।

## व्यापार समाचार

# देश में बिजली संकट गहराया

# आपूर्ति में कमी 10.77 गीगावॉट पर पहुंची

नई दिल्ली।

कोयले की कमी की वजह से देश में बिजली संकट गहराने के बीच व्यस्त समय में बिजली कमी भी बढ़ी है। इस सप्ताह सोमवार को बिजली की कमी जहां 5.24 गीगावॉट थी, वही बृहस्पतिवार को यह बढ़कर 10.77 गीगावॉट हो गई।

राष्ट्रीय ग्रिड परिचालक, पावर सिस्टम ऑपरेशन कॉरपोरेशन (पीओएसओसीओ) के ताजा आंकड़ों से पता चला है कि रविवार को व्यस्त समय में बिजली की कमी सिर्फ 2.64 गीगावॉट थी, जो सोमवार को 5.24 गीगावॉट, मंगलवार को 8.22 गीगावॉट, बुधवार को 10.29 गीगावॉट और बृहस्पतिवार को 10.77 गीगावॉट हो गई। आंकड़ों से यह भी पता चला है कि 29 अप्रैल, 2022 को अधिकतम पूरी की गई बिजली की



मांग 207.11 गीगावॉट के सर्वकालिक उच्चस्तर को छू गई। इसके चलते शुक्रवार को बिजली की कमी घटकर 8.12 गीगावॉट रह गई। दिलचस्प तथ्य यह है कि देशभर में तेज गर्मी के बीच इस सप्ताह में बिजली की आपूर्ति तीन बार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची। व्यस्त समय में अधिकतम पूरी गई बिजली की मांग मंगलवार को रिकॉर्ड 201.65 गीगावॉट पर पहुंच गई। यह सात जुलाई, 2021 को 200.53 गीगावॉट थी। बृहस्पतिवार को बिजली की अधिकतम मांग 204.65 गीगावॉट के रिकॉर्ड स्तर पर थी और शुक्रवार को यह 207.11 गीगावॉट के सर्वकालिक उच्च को छू गई। बुधवार को यह 200.65 गीगावॉट थी। इस सप्ताह की शुरुआत में सोमवार को अधिकतम पूरी गई बिजली मांग 199.34 गीगावॉट थी। विशेषज्ञों का कहना है कि इन आंकड़ों से स्पष्ट पता चलता है कि बिजली की मांग में तेजी आई है और कुछ ही दिनों में इसकी वजह से देश में बिजली संकट गहरा गया है। उनका कहना है कि केंद्र और राज्य सरकारों के नेतृत्व में सभी हितधारकों को ताप बिजलीघरों में कम कोयले के भंडार, परियोजनाओं पर रैक को तेजी से खाली करने और इनकी उपलब्धता बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। विशेषज्ञों ने कहा कि अभी गर्मी की शुरुआत में जब यह हाल है, तो मई और जून की स्थिति का अंदाजा ही लगाया जा सकता है। बिजली मंत्रालय ने कहा था कि मई-जून 2022 में बिजली की मांग लगभग 215-220 गीगावॉट तक पहुंच सकती है।

## मारुति की थोक बिक्री अप्रैल में छह प्रतिशत घटकर 1,50,661 इकाई पर




नई दिल्ली।

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की थोक बिक्री अप्रैल, 2022 में छह प्रतिशत घटकर 1,50,661 इकाई रह गई। अप्रैल, 2021 में कंपनी ने 1,59,691 वाहन बेचे थे। कंपनी ने रविवार को एक बयान में कहा कि अप्रैल में घरेलू बाजार में उसकी बिक्री सात प्रतिशत घटकर 1,32,248 इकाई रह गई, जो एक साल पहले समान महीने में 1,42,454 इकाई थी। समीक्षाधीन महीने में कंपनी की छोटी कारों- आल्टो और एस-प्रेसो की बिक्री 32 प्रतिशत घटकर 25,041 से 17,137 इकाई पर आ गई। इसी तरह कॉम्पैक्ट खंड में कंपनी की बिक्री 18 प्रतिशत घटकर 59,184 इकाई रह गई। इस खंड में कंपनी स्विफ्ट, सेलेरियो, इग्निस, बलेनो और डिजायर जैसे मॉडल बेचती है। अप्रैल, 2021 में इस खंड में कंपनी की बिक्री 72,318 इकाई रही थी। मध्यम आकार की सेडान सियाज की बिक्री अप्रैल, 2021 के 1,567 इकाई के आंकड़े से घटकर 579 इकाई रह गई। हालांकि, यूटिलिटी वाहनों...मसलन विटारा ब्रेजा, एस-क्रॉस और एर्टिगा की बिक्री 33 प्रतिशत के उछाल से 33,941 इकाई पर पहुंच गई, जो एक साल पहले समान महीने में 25,484 वाहन रही थी। अप्रैल में कंपनी का निर्यात सात प्रतिशत बढ़कर 18,413 इकाई पर पहुंच गया।

## बिजली संयंत्रों के पास कोयले का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित करना कोल इंडिया की प्राथमिकता : प्रमोद अग्रवाल

नई दिल्ली।

सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला खनन कंपनी कोल इंडिया ने कहा कि ताप ऊर्जा संयंत्रों को पर्याप्त ईंधन की आपूर्ति करना उसकी 'प्राथमिकता' है। कंपनी ने अपने कर्मचारियों से चालू वित्त वर्ष में 70 करोड़ टन के कोयला उत्पादन और उठाव के लक्ष्य को पार करने के लिए अपने प्रयासों को तेज करने को कहा है।

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक प्रमोद अग्रवाल ने कर्मचारियों को भेजे पत्र में कहा कि कंपनी की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि बिजली की कमी के बीच बिजली उत्पादन करने वाली इकाइयों के पास घरेलू ईंधन का पर्याप्त भंडार हो। अग्रवाल ने कर्मचारियों से कहा कि वे इसे 'पावन' लक्ष्य मानें। उन्होंने कहा, ''कोल इंडिया की प्राथमिकता है कि देश के बिजली संयंत्रों में घरेलू कोयले का पर्याप्त भंडार हो और देश को उचित दामों पर बिजली मिले। हमारा लक्ष्य ऊर्जा को कम से कम कीमत पर सुनिश्चित करने का होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''बीते वित्त वर्ष के प्रदर्शन से प्रेरणा लें और 70 करोड़ टन उत्पादन तथा उठान के लक्ष्य को पार करें।''

## बैंकएश्योरेंस लाभ के लिए आईडीबीआई बैंक में कुछ हिस्सेदारी रखना चाहती है एलआईसी : चेयरमैन

नई दिल्ली।

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने कहा है कि वह बैंकएश्योरेंस चैनल का लाभ उठाने के लिए आईडीबीआई बैंक में अपना कुछ हिस्सा बरकरार रखना चाहेगी। एलआईसी के चेयरमैन एम आर कुमार ने साक्षात्कार में कहा कि सरकार के साथ एलआईसी भी आईडीबीआई बैंक में अपनी हिस्सेदारी की बिक्री करेगी, लेकिन वह अपनी समूची हिस्सेदारी को शायद न बेचे।

एलआईसी इस समय जोरशोर से रोडशो करने में जुटी हुई है। इसके जरिये वह चार मई को खुलने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के बारे में निवेशकों के बीच जागरूकता पैदा करने की कोशिश कर रही है। पिछले हफ्ते निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव तुहीन कांत पांडेय ने कहा था कि आईडीबीआई बैंक के निजीकरण



की प्रक्रिया भी जारी है और रोडशो पूरा होने के बाद हिस्सेदारी बिक्री की मात्रा निर्धारित की जाएगी। सरकार पिछले कुछ वर्षों से आईडीबीआई बैंक में 45 प्रतिशत की अल्पांश हिस्सेदारी रणनीतिक निवेशकों को बेचने की योजना बना रही है। आईडीबीआई बैंक 21 जनवरी, 2019 से एलआईसी की अनुषंगी इकाई बन चुका है। कुमार ने कहा, ''हम प्रबंधन नियंत्रण की सीमा से नीचे हैं लेकिन सरकार का दरअसल मतलब यह है कि प्रबंधन नियंत्रण इस तरह से दिया जाए कि एक निजी संस्था बैंक को चलाती है, और इस प्रक्रिया में सरकार को उसमें से मूल्य मिलता है। उन्होंने कहा, ''चूंकि एलआईसी भी इस परिदृश्य में मौजूद है लिहाजा हमेशा से मेरी राय रही है कि सरकार के साथ हम भी अपनी हिस्सेदारी की बिक्री करेंगे। लेकिन हो सकता है कि बेचे जाने वाला हिस्सा 49 प्रतिशत न हो। यह इस पर निर्भर करेगा कि समूचा लेनदेन किस तरह होता है।

## आईओसी ने प्रायोगिक तौर पर मेथनॉल के मिश्रण वाला पेट्रोल उतारा

तिनसुकिया।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने असम के तिनसुकिया जिले में 15 प्रतिशत मेथनॉल के मिश्रण वाले पेट्रोल 'एम15' को प्रायोगिक (पायलट) तौर पर उतारा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने नीति आयोग के सदस्य वी के सारस्वत और आईओसी के चेयरमैन एस एम वैद्य की उपस्थिति में शनिवार को 'एम15' पेट्रोल जारी किया। तेली ने कहा कि मेथनॉल के मिश्रण से ईंधन की बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा, ''एम15 को प्रायोगिक तौर पर जारी करना ईंधन के मामले में आत्मनिर्भर होने की दिशा में एक अहम कदम है, इससे आयात का बोझ भी घटेगा।'' एक आधिकारिक वक्तव्य में मंत्री के हवाले से कहा गया कि ऊर्जा के मामले में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आईओसी कदम उठा रही है। इस पहल के लिए तिनसुकिया का चयन यहां मेथनॉल की सुगम उपलब्धता को देखते हुए किया गया जिसका उत्पादन असम पेट्रोकेमिकल लिमिटेड करती है।

## आज का राशिफल

### मेष
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रोजगार की चिंता रह सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मानसिक दृढ़ता से निर्णय लेकर कार्य करना चाहिए।

### वृषभ
रोजगार मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन गतिविधियां लाभकारी रहेंगी। व्यापार में नई योजनाओं का प्रारंभ होगा। पराक्रम के प्रति निष्क्रियता के कारण मन अप्रसन्न रहेगा। शत्रु परास्त होंगे।

### मिथुन
आय में कमी रहेगी। धैर्य रखें। स्वास्थ्य की समस्या हल होगी। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें। आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है।

### कर्क
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा संभव है। विवाद न करें। रोजगार मिलेगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। आपकी मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति आपके जीवन में आनंद का संचार करेगी।

### सिंह
व्यवसाय ठीक चलेगा। परोपकार करके मानसिक सुख अर्जित करेंगे। व्यापारिक स्थिति आशाजनक रहेगी। पारिवारिक, मांगलिक कार्य की योजना बनेगी। कर्ज लेने से बचना चाहिए। परिवार की चिंता रहेगी।

### कन्या
वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। लाभ होगा। उत्तम मनोबल आपकी सभी समस्याओं को हल कर देगा। प्रतिष्ठित जनों से मेलजोल बढ़ेगा।

### तुला
सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। रोजगार के क्षेत्र में उन्नति होगी। कुसंगति से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें।

### वृश्चिक
दुःखद समाचार मिल सकता है। विरोध होगा। व्यर्थ भागदौड़ होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। विवाद न करें। कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा।

### धनु
अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। विवाद न करें। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है। व्यापार में नए अनुबंध होंगे। व्ययों में कमी करना चाहिए। व्यापार अच्छा चलेगा।

### मकर
नई योजना बनेगी। कार्य का विस्तार होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। काम के प्रति दृढ़ता से कार्य में अनुकूल सफलता मिल सकेगी। पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी संयम आवश्यक है।

### कुंभ
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। नौकरी में तबादला तथा पदोन्नति के योग हैं।

### मीन
सुख के साधन जुटेंगे। प्रयास सफल रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी।

# नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर सम्पन्न

## दुनियां में जरूरतमंद की सेवा से बड़ा कर्म नहीं है...और नैत्र ज्योति प्रदान करने से बडा कोई धर्म नहीं है : रूणिजा



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** दुनियां में जरूरतमंद की सेवा से बड़ा कर्म नहीं है...और नैत्र ज्योति प्रदान करने से बडा कोई धर्म नहीं है। रविवार को इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए लायंस क्लब परबतसर के तत्वावधान में लॉयन दलपत सिंह रूणिजा के सौजन्य से शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन फूल मालियान छात्रावास परबतसर में किया गया जिसमें 132 लोगों का पंजीकरण किया गया, जिनकी ब्लॅड प्रेशर व शुगर जांच की गई तथा नेत्र जांच के अंतर्गत ऑपरेशन योग्य पाए गए 60 लोगों का शंकरा हॉस्पिटल जयपुर में ऑपरेशन सोमवार को किया जाएगा। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र जयपाल, प्रांतीय सदस्य लॉयन रमेश चंद बोहरा, लॉयन रामेश्वर लाल टाक (आईएलओ स्पेशल सचिव), लॉयन सुमेर सिंह कालवा, लॉयन मोती सिंह रूणिजा, लॉयन अशोक गौड, लॉयन गोरधन लाल जांगिड़ लॉयन अनिल जोशी, लॉयन दृगपाल सिंह राठौड़, लॉयन छोटुनाथ पंवार, लॉयन दिनेश चंद्र मालाकार, लॉयन राजेंद्र केरापा, लॉयन रजत नंदवाना, लॉयन कुंदन मेघवाल, लॉयन शौरभ शर्मा, जहूर खान, अब्दुल मजीद खान, शंकर मेघवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# डेगाना ब्राह्मण समाज 3 मई को मनायेगा परसुराम जयंती

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना में आगामी 3 मई को विष्णू भगवान के छठें अवतार भगवान परसुराम जयंती को धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। अध्यक्ष पवन पुरोहित ने इसकी जानकारी देकर बताया कि कल 3 मई को सुबह 9 बजे प्राचीन शिव मंदिर में ब्राह्मण समाज द्वारा जयंती समारोह मनाया जायेगा, जिसमें डेगाना के सर्व ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोग भाग लेंगे।

# कोल्ड ड्रिंक में मिलाया नशीला पदार्थ, फिर अश्लील वीडियो बनाकर किया कई बार दुष्कर्म

## मारोठ पुलिस थाने में दुष्कर्म का नामजद मामला दर्ज

### 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के पुलिस थाना मारोठ में एक विवाहिता को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर अचेत अवस्था में दुष्कर्म कर वीडियो बनाया। वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म किया। विवाहिता ने पुलिस थाना मारोठ में मामला दर्ज करवाने के 24 घंटे में मारोठ पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पीड़िता ने पुलिस थाना में रिपोर्ट पेश की जिसमे बताया कि मैं अपने ससुराल रहती हूं। मेरे पीहर के पास काकड़ की ढाणी में मोहरूराम लेगा की पत्नी से में कपड़े सिलवाने जाती थी, जो देवली के पास ही है। इस दौरान मेरी बातचीत तिलोक लेगा पुत्र मोहरूराम लेगा काकड की ढाणी देवली से हो गई। उसके मोबाइल से ही उसकी मां से बात चीत करती थी। 15 अगस्त 2020 को में त्रिलोक के घर कपड़े सिलाने गई तो वहां पर तिलोक अकेला था। उसने कहा कि मम्मी थोड़ी देर में आएगी। बातचीत करने के दौरान उसने मुझे कोल्ड ड्रिंक पिलाई उसके कुछ देर बाद ही मेरा सिर चकराने लगा एवं नींद आ गई तब मेरी नींद खुली तब मैने अपने आपको एक कमरे में पाया। मेरे शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था। त्रिलोक राम ने मुझे निवस्त्र करके मेरी बिना सहमति से अचेत अवस्था में मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया। मेरे शरीर पर लाल, नीले निशान हो रहे थे। मैं रोने लगी व सबको बताने की कहने पर त्रिलोक ने मुझे अपने फोन में मेरे साथ संबंध बनाते हुए का वीडियो दिखाया और कहा कि यदि किसी को बताया तो मैं इसे वायरल कर बदनाम कर दूंगा। त्रिलोक मुझे उस वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर अकेला होने पर अपने घर बुलाता व मेरे साथ दुष्कर्म करता।



### रेनवाल की होटल में ले जाकर करता रहा दुष्कर्म

कई बार रेनवाल की एमएम होटल व एक अन्य होटल में ले जाकर मेरे साथ गलत काम किया। 28 जनवरी 2021 को वह मुझे डरा धमका कर घर से बुलाया और मुझे अजमेर लेकर गया वहां पर कई कागजों पर मेरे से हस्ताक्षर करवाया व दुल्हन बनाकर फोटो, वीडियो बनायी तथा शाम को घर छोड़ दिया। काफी दिनों बाद उसने कहा कि तुम मेरी पत्नी हो हमारी शादी हो गई है। तुम्हारे पति को छोड़कर मेरे साथ चलो मैं मना करती रही वह मुझे बुलाकर अलग-अलग जगह पर मेरे साथ गलत काम करता रहा, रुपये भी मांगता था। कई बार मेंने उसे 70-80 हजार रुपये दे चुकी हूं, जो मैंने पति, पिता व ससुर से पढ़ाई के नाम पर लेकर दिये थे। 16 अप्रैल 2022 को त्रिलोक ने मुझे कहा कि घर से गहने व रुपये लेकर 19 अप्रैल 22 को देवली आ जाना हम कही और चलकर पति पत्नी बनकर रहेंगे। मैंने मना किया तो वह वीडियो वायरल करने व मेरे पति को मारने की धमकी देने लगा।

### तंग आकर परिजनों को बताई पूरी कहानी

तंग आकर सारी बात मैने अपनी बहन व मामा के बेटे को बताई, फिर घर में सबको पता लग गई। मेरा फोन मेरे पति ने ले लिया तो त्रिलोक ने उसे भी जान मारने की धमकी दी। 19 अप्रैल को मेरे घर पर आकर मुझे साथ ले जाने की जिद करने लगा और कहा कि यदि नहीं गई तो मैं तुम्हे बदनाम कर दूंगा। तुम मेरी पत्नी हो तुम्हारे पति की मारकर तुम्हे ले जाऊंगा। मैं इतनी डर गई कि मेरी तबीयत खराब हो गई। अब मेरी हिम्मत होने से 30 अप्रैल को रिपोर्ट पेश की हूं।

**इनका कहना है :** पुलिस थाना मारोठ में मामला धारा 384,376376(2)(एल) आईपीसी में दर्ज कर तफ्तीश शुरू की गयी। 24 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी द्वारा वीडियो बनाना व दुष्कर्म करना स्वीकार किया गया।

**खेताराम,**
**थाना अधिकारी मारोठ**

# पूर्व मंत्री की जन-सुनवाई में पेयजल, बिजली व भ्रष्टाचार के खिलाफ उठी आवाज

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के एमपी रोड स्थित भाजपा कार्यालय में रविवार को मासिक बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें पूर्व मंत्री अजयसिंह किलक को विधान सभा क्षेत्र से आने वाले लोगो ने जन समस्याओं से अवगत कराया। इसमे गांवों मे एलएनटी कम्पनी द्वारा नहरी पानी की जाने वाली असमान रूप से सप्लाई, सड़कों के निर्माण में सीमेंट की जगह पर काली मिट्टी डालकर किये जा रहे भारी भ्रष्टाचार, भीषण गर्मी में हो रही बिजली की भारी कटौती, फसल खराबें के बाद भी किसानों को नही मिल रहा है मुआवजा ओर क्षैत्र में होने वाली आये दिन चोरी की वारदातों पर ग्रामीणों ने गहरा आक्रोश प्रकट किया। इसी प्रकार से ईड़वा मंडल अध्यक्ष खींयाराम देवासी ने जानकारी बताया कि विधान सभा क्षेत्र में आये दिन चोरी ओर लूटपाट की घटनाएं हो रही है। इस पर पूर्व मंत्री किलक ने संबधित अधिकारियों से बात कर किसानों की समस्याओं से अवगत करवा कर निराकरण कराने कर मांग की तथा आगामी सप्ताह में भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था ओर जन समस्याओं को लेकर सरकार ओर स्थानीय प्रशासन के खिलाफ बड़ा आन्दोलन करने का निर्णय लिया, जिसमें भ्रष्ट अधिकारियों को हटाने तथा निर्माण कार्यो में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कराने की मांग की जायेगी। इस अवसर पर अजय सिंह किलक, हनुमान जाजुंदा, प्रकाश चंद करवा, जगदीश तिवाड़ी, हाजी कमरूदीन, कैलाश राठी सत्तू महाराज, जितेंद्र दाधीच महामंत्री, देवीलाल निंबोला, पवन बिंदा, खींयाराम देवासी, मनोहर सिंह किरड़, रामचंद्र डूडी, यूनुस खान, मनीषा बिंदा, कमल चौहान, मनमोहन गिलड़ा, मनजीत खाल्या, राजाराम शर्मा चूवा, भंवरलाल धोजक सहित भाजपा कार्याकर्ता मोजूद रहे।



**-कहीं पर पानी की कालाबाजारी तो कहीं पर एक-एक बूंद को तरस रहे लोग : जाजुन्दा**

पूर्व मंत्री किलक द्वारा रविवार को हुई जन सनुवाई कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य हनुमान जाजुन्दा ने पेयजल समस्या को लेकर लोगो के दर्द को पूर्व मंत्री के समक्ष रखा, जिसमें जाजुन्दा ने एलएनटी कम्पनी पर सीधा आरोप लगाते हुये बताया कि जिम्मेवार कार्मिकों की मनमानी ओर भ्रष्टाचार से नहरी पानी का भारी दुरूपयोग हो रहा है। एक तरफ शहरों, कस्बों ओर गांवों मे लोग एक एक बूंद पानी के तरस रहे है वहीं दूसरी ओर कम्पनी की नालायकी के चलते कुछ जगहों पर रात दिन मीठे पानी की सप्लाई की जा रही है। जंहा पर लोग मीठे पानी के टैंकर भरकर रोजाना सरकारी पानी को बेचकर हजारों रूपये कमा रहे है। उन्होंने बताया कि डेगाना शहर में भी कई मौहल्लों में भरपूर सप्लाई हो रही है। जाजुन्दा ने कहा की पेयजल के हालात नही सुधरे तो आगामी दिनों मे एलएनटी कम्पनी के अधिकारियों का घेराव कर उनके खिलाफ जन आन्दोलन किया जायेगा। इस प्रकार से इस असमान सप्लाई पर एलएनटी कम्पनी के जिम्मेदार कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाही की मांग की। जाजुन्दा ने इसे कम्पनी के कार्मिकों पर भारी भ्रष्टाचार कर पानी की काला बाजारी के जरीय अवैध रूप से पेंसा कमाने का भी आरोप लगा कर मामले की जांच कराने की मांग की। इस पर पूर्व मंत्री किलक ने भी भाजपा द्वारा आगामी दिनों में पेयजल, बिजली ओर मुआवजा समस्या को लेकर एसडीएम कार्यालय के सामने बड़ा विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया। जाजुन्दा ने औवर हेड टंकियों के निर्माण, शहरों, कस्बों ओर गांवों मे बिछाई गई नई पाईप लाईनों में गडबड़ी की है, जिससे गांवों मे पेयजल की सप्लाई अभी तक सुचारू नही हो पा रही है।

# भ्रष्टाचार नैतिक जीवन मूल्यों पर प्रहार : गर्वा

## भ्रष्टाचार निरोधक न्यास के अजमेर संभाग प्रभारी ने किया दौरा



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को भ्रष्टाचार निरोधक सिंह वाहिनी न्यास के अजमेर संभाग प्रभारी डॉ. सोहननाथ गर्वा कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। गाँवो में उनका साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज भारत जैसे सोने की चिड़िया कहलाने वाले देश में भ्रष्टाचार अपनी जड़े फैला रहा है। भ्रष्टाचार एक बीमारी की तरह है। आज देश में भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ रहा है। इसकी जड़े तेजी से फैल रही है। यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया तो यह पूरे देश को अपनी चपेट में ले लेगा। भ्रष्टाचार का प्रभाव अत्यंत व्यापक है। जीवन का कोई भी क्षेत्र इसके प्रभाव से मुक्त नहीं है। यदि हम इस वर्ष की ही बात करें तो ऐसे कई उदाहरण मौजूद हैं जो कि भ्रष्टाचार के बढ़ते प्रभाव को दर्शाते हैं। जैसे आईपीएल में खिलाड़ियों की स्पॉट फिक्सिंग, नौकरियों में अच्छी पोस्ट पाने की लालसा में कई लोग रिश्वत देने से भी नहीं चूकते हैं। आज भारत का हर तबका इस बीमारी से ग्रस्त है।

**भ्रष्टाचार एक संक्रामक रोग की तरह :** भ्रष्टाचार एक संक्रामक रोग की तरह है। समाज में विभिन्न स्तरों पर फैले भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कठोर दंड-व्यवस्था की जानी चाहिए। आज भ्रष्टाचार की स्थिति यह है कि व्यक्ति रिश्वत के मामले में पकड़ा जाता है और रिश्वत देकर ही छूट जाता है। जब तक इस अपराध के लिए को कड़ा दंड नही दिया जाएगा तब तक यह बीमारी दीमक की तरह पूरे देश को खा जाएगी। लोगों को स्वयं में ईमानदारी विकसित करना होगी। आने वाली पीढ़ी तक सुआचरण के फायदे पहुंचाने होंगे। भ्रष्टाचार हमारे नैतिक जीवन मूल्यों पर सबसे बड़ा प्रहार है। भ्रष्टाचार से जुड़े लोग अपने स्वार्थ में अंधे होकर राष्ट्र का नाम बदनाम कर रहे हैं। इस दौरान सायरनाथ, निर्मलनाथ, पारस, मुकेशनाथ, छगन, महेंद्र, श्यामनाथ, विकास सोनी, भगवान सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ईद व परशुराम जयन्ती को लेकर सीएलजी की बैठक सम्पन्न

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को पुलिसथाना कुचामनसिटी में ईद व परशुराम जयन्ती को लेकर सीएलजी सदस्यों की मीटिंग आयोजित की गई। पुलिस उपअधीक्षक संजीव कटेवा की अध्यक्षता में सम्पन्न इस बैठक में त्योंहारों को शांतिपूर्वक व अमनचैन के साथ मनाने की अपील की गई। इस पर उपस्थित सीएलजी सदस्यों ने कहा कि कुचामन अमन का शहर है। यहां हमेशा से सभी धर्म के लोग शांतिपूर्वक त्योंहारों को मनाते आ रहे हैं। इस दौरान डिप्टी कटेवा ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक पोस्टों से बचे।

कई सदस्यों ने त्योंहार के मौके पर बिजली-पानी की समुचित व्यवस्था करने की बात रखी। इस दौरान थानाधिकारी हनुमान चौधरी ने कहीं पर भी त्योंहार के मौके पर अवांछित गतिविधि होते दिखे तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे

जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को भारत विकास परिषद शाखा परबतसर के पक्षी सेवा प्रकल्प के अंतर्गत धीरज कौशिक के सौजन्य से केशवराव बलिराम हेडगेवार पार्क, हनुमान कॉलोनी में पक्षियों के पानी पीने के लिए 21 परिण्डे लगाए गए। पूर्व में यह पार्क भारत विकास परिषद शाखा परबतसर के द्वारा ही विकसित किया गया था। इस पक्षी सेवा प्रकल्प के अंतर्गत विभिन्न स्थानों को चिन्हित कर परिण्डे लगाए जाएंगे।

# भामाशाह दलपतसिंह रूणीजा ने 101 ठेले वालों को वितरित की छतरियां

## भीषण गर्मी के बीच रेहड़ी वालों के लिए मसीहा बनकर आए रूणीजा



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** समाजसेवी एवं भामाशाह दलपत सिंह रूणिजा द्वारा रविवार को माली छात्रावास में हाथ ठेला वालों को ठेले पर लगाने वाली 101 छतरियां वितरित की गई। दलपत सिंह ने बताया कि अभी बहुत ज्यादा गर्मी पड़ रही है, जिससे छतरी द्वारा ठेले वालों को गर्मी से राहत मिलेगी।

फल-सब्जी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीराम सैनी, महासचिव महेश चंद सैनी ने दलपत सिंह रूणीजा को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अशोक सांखला, हबीब खान, कैलाश मेघवाल, पप्पू मारोठिया, मोहसीन खान, ओम प्रकाश चौहान, तुलसीराम दगदी, दयाल राम माली, बलबीर सिंह, सोनू सिंधी सहित बड़ी संख्या में हाथ ठेला एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे। इस दौरान लायंस क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र जयपाल, एडवोकेट रमेश चंद बोहरा, रामेश्वर लाल टाक, बिरमाराम मुरावतिया, सौरभ सहित लायंस क्लब पदाधिकारी मौजूद रहे।



# शिक्षा के प्रति अपनी जिन्दगी समर्पित करने वाले शिक्षक लक्ष्मण सिंह की सेवानिवृत्त पर उमड़ा जनसैलाब

## हजारों शिष्यों ने रथ पर बैठाकर किया गुरु का सम्मान

पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** शिक्षा के प्रति अपनी जिन्दगी समर्पित करने वाले लाखो में एक आदर्श एवं अपने कर्तव्य के प्रति पूर्ण समर्पित शिक्षक प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह चाम्पावत की सेवानिवृत्त हो गए।

राजकीय सेवा में 60 वर्ष की उम्र होने के बाद सेवानिवृत्ति हो जाते है इस अवस्था के अन्दर बहुत कम कर्मचारी अपनी छाप छोड़ जाते हैं। उन हजारों में एक लक्ष्मण सिंह ने अपनी एक अलग पहचान बना दी। एक महान शिक्षक के सेवानिवृत्ति के मौके पर उनका मान सम्मान करने के लिए उनके शिष्य हजारों



किलोमीटर दूरी तय करके बड़ी खाटू पहुंचे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उनके शिष्य वहां मौजूद रहे। उनके शिष्यों ने रथ पर बैठाकर उनको गाजे बाजे व जश्न के साथ घर तक छोड़कर आए।

**क्यों हर शिष्य के दिलो में बस गए एक शिक्षक :** शिक्षक लक्ष्मण सिंह ने अपने जीवन के 38 वर्ष के लम्बे राजकीय सेवा काल में अपना तन मन धन शिक्षा के लिये समर्पित करके बड़ी खाटू के असंख्य युवाओं का भविष्य संवारा हैं। अक्सर गणित विषय शानदार तरीके से पढ़ाते थे।

उन्होंने अपने जीवन काल में विद्यालय को ही सबसे बड़ा मन्दिर मानकर शिक्षा को ही अपना धर्म माना है और पूरी इबादत से शिक्षा रुपी धर्म का पालन किया है ।उनके द्वारा दिये गये संस्कार से शिष्यों में स्पष्ट रूप से झलकते है। उनके शिष्य आज अपने अपने कार्यक्षेत्र में दी हुई।

शिक्षा से निरंतर प्रगति कर रहे है। विदाई के समय उनके शिष्य मन से दुखी और काफी चिंतित नजर आए। सेवानिवृत्त के बाद उनके हजारों शिष्यो ने ऐतिहासिक विदाई दी।



### ऐसा लग रहा है जैसे मेरे राजकीय सेवा में बीस वर्ष ही हुए है

सेवानिवृत्त के अंतिम पल पर लक्ष्मण सिंह संबोधित करते हुए बताया कि मेने मेरा पूरा जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित किया ।जिंदगी के अंदर जात पात , धर्म सबको सम्मान माना। 38 वर्ष की सेवा में एक दिन भी समय से पहले विधालय से बाहर नहीं निकला। उन्होंने बताया कि शिक्षा के मंदिर में एक शिक्षक को अनुशासन , शिक्षा के प्रति समर्पित होना चाहिए। उनके हजारों शिष्यो ने पूछा गुरुजी अब आप घर पर समय कैसे निकालोगे तो उन्होंने बताया कि मुझे नही लग रहा। कि में घर पर कैसे समय बिताऊंगा। मेने 38 वर्ष राजकीय सेवा में योगदान दिया है क्या, मुझे ऐसा लग रहा है जैसे अभी 20 वर्ष भी नहीं हुए हैं।

# प्रतापसिंह खाचरियावास, राजेन्द्रसिंह गुढा व महेन्द्र चौधरी सहित प्रदेश के कई दिग्गज पहुंचेगे कुचामन

## सैनिक सम्मान समारोह में होंगे शामिल

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** प्रदेश भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति नागौर की ओर से कुचामनसिटी में सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन होगा। कैप्टन भंवर सिंह राठौड़ सदस्य सैनिक कल्याण विभाग राजस्थान सरकार से मिली जानकारी के अनुसार 22 मई रविवार को सरला बिड़ला कल्याण मण्डपम् में दोपहर दो बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रताप सिंह खाचरियावास परिवहन एवं खान मंत्री राजस्थान सरकार, महेंद्र चौधरी उप मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार, राजेंद्र सिंह गुढा सैनिक कल्याण, पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री राजस्थान सरकार, मानवेंद्र सिंह जसोल अध्यक्ष राज्य स्तरीय सैनिक कल्याण सलाहकार समिति राजस्थान सरकार, श्री राम सहाय बाजिया उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय कल्याण सलाहकार समिति राजस्थान सरकार, ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ निदेशक सैनिक कल्याण विभाग राजस्थान सरकार, कैप्टन भंवर सिंह राठौड़ सदस्य राज्य सैनिक बोर्ड विभाग राजस्थान सरकार, कर्नल राजेंद्र सिंह जोधा जिला सैनिक कल्याण अधिकारी डीडवाना, कर्नल मदन सिंह जोधा ईसीएचएस अधिकारी डीडवाना सहित बड़ी संख्या में गौरव सैनिक, वीरांगनाएं व उनके आश्रित इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# सांसद हनुमान बेनीवाल ने रोजा इफ्तार पार्टी में की शिरकत



रमेश जाजड़ा

**जायल ( नागौर डेली न्यूज ) :** रमजान माह का अंतिम दौर है। जगह-जगह रोजा इफ्तार पार्टियों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को जायल तहसील के बरनेल ग्राम पंचायत के चावड़ा नगर में सामुहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन हुआ। इफ्तार पार्टी में नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने शिरकत कर रोजेदारों को रोजा खुलवाकर सामुहिक पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगो ने सामाजिक एकता का पैगाम दिया। सांसद बेनीवाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक सौहार्द बढ़ता है। इस दौरान नागौर सांसद बेनीवाल ने रोजेदारों के साथ देश में अमन चैन की दुआएं मांगी। कार्यक्रम में आरएलपी के प्रदेश मंत्री अनिल बारूपाल, तरनाऊ सरपंच प्रतिनिधि शैतानसिंह सांगवा, ओमप्रकाश डोगीवाल, झुमरराम डूकिया, रामूराम डूकिया, श्रवण गोदारा, शेर मोहम्मद खान, झुमरराम जाखड़, शाबिर खान बरनेल सहित सैकड़ों मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का समाजसेवी मंजीत मुंबईकर ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन मकबूल अहमद ने किया।

# खींवसर शहर में लड़खडाई पेयजल व्यवस्था, जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

हुकमाराम ताडा

**खींवंसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** भीषण गर्मी से एक और आम लोगों का हाल-बहाल हो रहा है। वहीं दूसरी ओर शहर के मोहल्ले में पेयजल व्यवस्था बिगड़ी हुई है। जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने की वजह से व्यवस्था बिगड़ रही है। पिछले 1 सप्ताह से पेयजल व्यवस्था लड़खड़ाने के कारण आम लोग जलदाय विभाग की कार्यप्रणाली से खफा है। वहीं गली मोहल्ले में 3 दिनों में आधे घंटे तक पानी बड़ी मुश्किल से मिल रहा है। ग्रामीणों की मुख्य मांग पेयजल व्यवस्था सुधारने की है,लेकिन उपखंड मुख्यालय पर बैठे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण पेयजल व्यवस्था बिगड़ी हुई है। वहीं पेयजल व्यवस्था बिगड़े का मुख्य वजह जलदाय विभाग बिजली कटौती बता रहे है। समय रहते वार्ड नंबर 10 व 11 में पेयजल व्यवस्था नहीं सुधरी फिर मोहल्ले वासी द्वारा आंदोलन किया जाएगा। जलदाय विभाग के अधिकारी द्वारा समय रहते पेयजल व्यवस्था नहीं सुधरी तो फिर ग्रामीणों द्वारा विभाग के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करना होगा।

# चड़वा की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आज

हुकमाराम ताडा

**खींवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** खीवसर उपखंड मुख्यालय पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लाक अध्यक्ष स्व. उस्मान गनी चड़वा की प्रथम पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर 2 मई को आयोजित होगा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि रक्तदान शिविर को लेकर के व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। शिविर जोधपुर रोड स्थित न्यू श्री राम हॉस्पिटल में आयोजित होगा। जोधपुर की अंबिका ब्लड बैंक ग्रुप के तत्वावधान में शिविर का आयोजन होगा।

# निमोद में हिंदू-मुस्लिम एकता का दिया संदेश, दावत देकर खुलवाया रोजा

कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** ग्राम पंचायत निमोद के सरपंच प्रतिनिधि भूराराम कूदना ने रोजा इफ्तार दावत का आयोजन किया। निमोद मदरसे में बड़ी संख्या में मौजूद रोजेदार का सरपंच प्रतिनिधि भूराराम कूदना ने स्वागत व अभिवादन किया। इस तरह का आयोजन करने के बाद इलाके में भाईचारा कायम रखने के लिए इस अच्छी पहल की हर कोई तारीफ कर रहा है।



इस दावत में रोजेदारो को पेय पदार्थ, फल-फ्रेट खिलाकर रोजा खुलवाया गया। सरपंच प्रतिनिधि भूराराम कूदना ने बताया कि हर त्योहार सामाजिक सौहार्द का प्रतीक होते हैं . रमजान के पवित्र महीने में मुसलमान भाई रोजा रख कर खुदा की इबादत में सर झुकाते है। यह त्योहार इनके लिए बहुत मायने रखता है। जानकारी के अनुसार, इस दावत के लिए सरपंच ने दो दिन पहले ही तैयारियां शुरू कर दी थी, जिसमे सरपंच के साथ ही हिंदूओं ने भी रोजेदारों को अपने हाथों से फल फ्रेट खिलाकर हिंदू- मुस्लिम एकता का संदेश दिया। इस बारे में सरपंच भूराराम कूदना ने कहा कि, प्रत्येक जाति, धर्म और मजहब हमें आपस में मिलकर रहना सिखाता है, जहां रोजा इफ्तार पार्टी में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के दौरान देश सहित प्रदेश भर में अमन चैन की दुआ की गई। इस मौके पर भंवरलाल गढ़वाल, परमेश्वर लाल कूदना, भागूराम कॉमरेड, रिछपाल कूदना, गीगाराम, वार्ड पंच बल्लू खा, रामेश्वर लाल, मुंशी खां, सवाई खां, कप्तान सलेमान खां, ताज खां, गुलाब खां सहित अनेक हिन्दू-मुस्लिम बंधु उपस्तिथ रहे।

# एलबीएस साइंस क्लासेज में हुआ साइंस टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन

## एक ही दिन में परीक्षा, परिणाम व पारितोषिक वितरण कार्यक्रम आयोजित

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के एलबीएस साइंस क्लासेज के तत्वावधान में साइंस टैलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन रविवार को किया गया, जिसमें तीन सौ छियांसी परीक्षार्थियों ने भाग लिया। संस्था निदेशक रामदेव खिचड़ ने बताया कि परीक्षा के तुरंत बाद जारी किये गए परिणाम में प्रथम पांच स्थानों पर छः परीक्षार्थियों ने बाजी मारी। समीर पुत्र शंकर लाल ने प्रथम, प्रज्ञा पुत्री सांवला राम व कंचन पुत्री नारायण राम ने क्रमशः द्वितीय, मानव पुत्र शंकर लाल ने तृतीय, मोहित सिंह पुत्र नंदू सिंह ने चौथा व सपना गुर्जर पुत्री चैना राम गुर्जर ने पांचवा स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा



मनवाया। इन प्रतिभाओं को क्रमशः इक्तीस सौ, इक्कीस सौ, ग्यारह सौ, पांच सौ व तीन सौ रुपये नकद, मैडल व प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। छठवीं रैंक से लेकर दौ सौ वीं रैंक तक बच्चों को मैडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व बीईईओ हरदेवानन्द खांडोटिया, अध्यक्ष रामदेव खिचड़ रहे। कार्यक्रम में गिरधारी खिचड, श्रवण खिचड़, प्रधानाचार्य छितरमल पंवार, परीक्षा प्रभारी अमानाराम, प्रतिभा, अमित भारद्वाज, मुकेश कुमावत, सुनील कुमार, राहुल बागड़ा, जीतेन्द्र भट्ट, दिनेश कुमार, रचना जांगिड़, प्रियंका राठौड़, नरसी राम, रेखा, बी.के. मेम, सोनम, सरोज, हेमलता, दीपा, शारदा अग्रवाल, भवानी, नयुम, कविता, करणसिंह, मंजू अग्रवाल, प्रीति जांगिड़, पिंकी जांगिड़ व चेतना जूणी सहित कई अभिभावकगण उपस्थित रहे तथा हितेंद्र सिंह ने मंच संचालन किया।

# विश्व मजदूर दिवस : चिकित्सक दम्पत्ति डॉ. प्रदीप चौधरी व सरिता कलवानिया ने मजदूरों का किया सम्मान

**कुचामन इमेजिंग सेंटर के निर्माणधीन भवन पर कार्यरत कामगारों का संस्थान के चिकित्सकों माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर किया अभिनन्दन**

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर शहर के कुचामन इमेजिंग सेंटर के निर्माणधीन भवन पर कार्यरत कामगारों का संस्थान के चिकित्सकों डॉक्टर प्रदीप चौधरी तथा डॉक्टर सरिता कलवानिया द्वारा माल्यार्पण, मिठाई व पारितोषिक वितरण द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुवे डॉक्टर प्रदीप चौधरी ने मजदूर दिवस की शुरुवात और मजदूरों के कल्याण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। मजदूर किसी भी निर्माण की जान होती ह और बढ़िया से बढ़िया निर्माण सामग्री बिना बढ़िया कामकारों के बेकार साबित हो सकती है। साथ ही मजदूरों



को उचित पोषण, स्वास्थ्य देखभाल, तंबाकू मदिरा से दूर रहने, निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन करने, गर्मी में पर्याप्त हाइड्रेटेड रहने, निर्माण अपसिस्ट का उचित प्रबंधन करने, अपने अधिकारों की जानकारी रखने और बच्चों को पढ़ाने पर बल दिया। बीमारियों से बचाव हेतु खुद का और बच्चों का कोविड और अन्य टीकाकरण का सुझाया। इस अवसर पर चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सरिता कलवानिया ने मजदूरों में सनस्ट्रोक, सनबर्न और सीमेंट से होने वाली कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस से बचाव और इलाज के बारे में बताया। साथ ही मजदूरों में त्वचा की संक्रामक बीमारियों के बारे में बताया। इस अवसर पर कामकारो, डॉक्टर दंपती के अलावा एडवोकेट हरदेव सिंह, ठेकेदार राजूराम, रेडियोग्राफर प्रकाश, अर्जुन मुनीम सहित अन्य लोग उस्पथित रहे।

## जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव के कई मोहल्लों में टेस्टिंग शुरू

# जलदाय विभाग द्वारा पानी पहुंचाने के प्रयास

फखरूद्दीन खोखर

रूण(नागौर डेली न्यूज) : जल जीवन मिशन अभियान के तहत गांव रूण में जनवरी महीने में कार्य शुरू हुआ था, इसी कार्य के तहत अब लाइन टेस्टिंग का कार्य चल रहा है। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता जयनारायण मेहरा और कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास चौधरी ने बताया रूण गांव में मीडिया, जलदाय विभाग और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से लगभग 4.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति से पूरे गांव ढाणी में राज्य सरकार ने स्वीकृति दी थी, जिसके तहत नई पाइप लाइन डाली जानी है और 132 रूण जीएसएस के पास एक नई टंकी भी बनेगी, इसी कार्य के तहत जनवरी के अंतिम दिनों में गांव के पूर्व दिशा में नई पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू हुआ था, इसी कड़ी में इंदोकली मार्ग पर स्थित कुछ मोहल्लो में सफलतापूर्वक पानी पहुंचा दिया गया हैं, अब रविवार को वरिष्ठ लिपिक सुरेंद्र उपाध्याय की देखरेख में ब्राह्मणों का बड़ा बास व पितलाई नाडी तक नई लाइन की टेस्टिंग की गई और सफलतापूर्वक पानी घरों तक पहुंच गया, कनिष्ठ अभियंता मानसिंह रेवाड़ ने इस संदर्भ में बताया नई पाइप लाइन आगामी कई वर्षों को मदैनजर रखते हुए डाली जाती हैं इसमें थोड़ा टाइम भी लग जाता है, मगर इंजीनियरों की देखरेख में कार्य सही करना पड़ता है, इन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि आप जलदाय कर्मियों और



ठेकेदार का सहयोग करें हमारा उद्देश्य घर घर ढाणी ढाणी पहुंचाने का है, जहां पर भी इन दिनों पाइप लाइन डाली गई है वहां पर इसी सप्ताह में लाइन टेस्टिंग करके जल सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

# युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से बचाना चाहिए : श्रवण महाराज

फखरूद्दीन खोखर

**रूण ( नागौर डेली न्यूज ) :** आज की युवा पीढ़ी को नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए हमें आगे आना चाहिए। नशे से बचाने के लिए युवा पीढ़ी को सत्संग और महापुरुषों की संगत में भाग लेना चाहिए, क्योंकि जो संस्कार हम अपने बच्चों को देंगे तो उनका भविष्य उज्जवल हो जाएगा। यह विचार निकटवर्ती गांव सिराधना में आयोजित एक समारोह में नोखा चांदावता रामद्वारा के संत श्रवणराम महाराज रजलानी ने व्यक्त किए, उन्होंने आगे कहा कि सत्संग कलयुग में मोक्ष का सबसे सरल उपाय है, मनुष्य को हमेशा सत्संग में जाकर साधु संतों के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। इसी प्रकार नोखा रामद्वारा के संत रामवल्लभ महाराज ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया और उनकी व्याख्या करते हुए बताया कि हमें वृक्ष और सरोवर की भांति परमार्थ सेवा करनी चाहिए और जहां तक हो सके स्वार्थ नहीं करना चाहिए, क्योंकि जिस प्रकार धूप में खड़े रहकर वृक्ष हमें छांव और पत्थर



मारने पर फल देते हैं और सरोवर से हम कितना भी पानी लाओ वह मना नहीं करते हैं इसीलिए हमें इनकी भांति बनने की कोशिश करनी चाहिए ,उन्होंने कहा कि आज के युवाओं में सहनशक्ति की कमी की मुख्य वजह मोबाइल का दुरुपयोग है, इसीलिए हमें मोबाइल का जरूरत के मुताबिक ही सदुपयोग करना चाहिए और युवाओं को नशा मुक्त समाज बनाने में भी आगे आना चाहिए, जिससे समाज का विकास होता है। इस मौके पर बुजुर्ग छोटाराम डोडवाडिया ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर परसाराम ,सीताराम ,नेमाराम डोडवाडिया,बंसीराम सुथार, भीकाराम पिचकिया, मोडाराम डोडवाडिया, पहलादराम लालरिया रूण सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com